दिन–मंगलवार दिनांक– 14/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का आज पटना के दीघा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। इससे पूर्व आज उनका पार्थिव शरीर पटना हवाई अड्डा पहुंचा। बाद में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए राजेन्द्र नगर स्थित निजी आवास ले जाया गया। अब से थोड़ी देर पहले सुशील कुमार मोदी का पार्थिव शरीर विजय निकेतन संघ कार्यालय लाया गया है। अपराह्न चार बजे उनका पार्थिव शरीर विधानमंडल परिसर और बाद में प्रदेश भाजपा कार्यालय लाया जायेगा। शाम छह बजे दीघा घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। गौरतलब है कि सुशील कुमार मोदी का कल दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना जतायी है।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अविजित ने भी अपना पर्चा दाखिल किया। सातवें चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, जहानाबाद, आरा, बक्सर, सासाराम और काराकाट में चुनाव होने हैं। नामांकन पत्रों की जांच कल की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण में एक जून को मतदान होना है।

राज्य में शेष तीन चरणों के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। एनडीए के घटक दलों– भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता लगातार रैलियों और जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन के कारण

आज पार्टी के स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तबीयत खराब होने के चलते सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये हैं। इधर, इंडी गठबंधन की ओर से राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश साहनी संयुक्त रूप से रैलियों और जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेता भी विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार प्रचार अभियान चला रहे हैं।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि बिना दाखिल–खारिज और होल्डिंग के जमीन की खरीद–बिक्री नहीं हो सकती है। न्यायामूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और अरविंद कुमार की खंडपीठ ने एक एसएलपी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। हालांकि इस मामले में उच्चतम न्यायालय सितम्बर महीने में विस्तार से सुनवाई करेगा।

———————————————————————

राज्य के सभी सरकारी विद्यालय सोलह मई से सुबह छह बजे से दोपहर बारह बजे तक संचालित होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि यह समय–सारणी तीस जून तक प्रभावी रहेगी।

———————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश की गतिविधियों में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————————

अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में दोषी मोहम्मद बरकत को पांच साल कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इधर, शेखपुरा की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में उपेन्द्र कुमार को दोषी ठहराया है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।